an>

Title: Need to expand banking services in Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ) ः देश में समस्त बैंकों की लगभग एक लाख बत्तीस हज़ार शाखाएं कार्यरत हैं। सर्वसमावेशी अर्थव्यवस्था के सरकार के संकल्प के अनुसार बैंक सेवाओं का विस्तार किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उत्तर प्रदेश में देश की आबादी का छठवां हिस्सा निवास करता है, इस हिसाब से उत्तर प्रदेश में लगभग 22 हज़ार बैंक शाखाएं होनी चाहिए, परंतु वर्तमान में उत्तर प्रदेश में केवल लगभग 11 हज़ार बैंक शाखाएं कार्य कर रही हैं।

मेरा माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि जनसंख्या के हिसाब से उत्तर प्रदेश में बैंक शाखाओं को तीव्र गति से खोले जाने के आदेश करने का कष्ट करें।